सं.ए-60011/79/2018-प्रशा.IV (वि.का.)
भारत सरकार
विधि और न्याय मंत्रालय
विधि कार्य विभाग

शास्त्री भवन, नई दिल्ली
दिनांक : 4 जून, 2019

कार्यालय ज्ञापन

विषय : उप निदेशक (रा.भा.)/सहायक निदेशक (रा.भा.) के रूप में कार्य कर चुके सेवानिवृत्त अधिकारियों की परामर्शदाता के पद पर संविदात्मक आधार पर नियुक्ति ।

उप निदेशक (रा.भा.)/सहायक निदेशक (रा.भा.) के रूप में कार्य कर चुके सेवानिवृत्त अधिकारियों की परामर्शदाता के पद पर संविदात्मक आधार पर नियुक्ति के लिए आवेदन-पत्र आमंत्रित किए जाते हैं ।

क्र.सं.	पद का नाम	पद संख्या	क्रियाकलाप
1.	परामर्शदाता (राजभाषा)	01	हिंदी अनुभाग और राजभाषा नीति के कार्यान्वयन से संबंधित पर्यवेक्षी कार्य

2. संविदा की निबंधन और शर्तें इस प्रकार होंगी :

(क) **संविदा की अवधि :** संविदा की अवधि, प्रारंभ में, एक वर्ष के लिए होगी और भविष्य में जरुरत के अनुसार इसे बढ़ाया जाएगा। संविदात्मक आधार पर नियुक्ति संतोषजनक कार्य-निष्पादन के अधीन होगी और इसे किसी भी समय बिना कोई कारण बताए प्राधिकारी द्वारा समाप्त किया जा सकता है। संविदात्मक नियुक्ति सेवा के नियमितीकरण या सेवा जारी रखने का कोई अधिकार या दावा प्रदान नहीं करता है ।

(ख) **पारिश्रमिक :** परामर्शदाता को प्रतिमाह रु० 48,000/- (उप निदेशक स्तर के लिए) और प्रतिमाह रु० 38,000/- (सहायक निदेशक स्तर के लिए) का पारिश्रमिक प्रदान किया जाएगा।

(ग) **कार्यस्थल :** विधि कार्य विभाग, शास्त्री भवन, नई दिल्ली ।

(घ) **आयु सीमा :** सामान्यत: अधिकतम आयु सीमा 65 वर्ष होगी। तथापि, उनके अच्छे स्वास्थ्य और विशेषज्ञता के स्तर को ध्यान में रखते हुए विधि सचिव के अनुमोदन से उचित मामलों में नियुक्ति 65 वर्ष से ऊपर और 70 वर्ष की आयु तक की जा सकती है।

(ड़) **अवकाश :** परामर्शदाता समानुपातिक आधार पर एक कैलेंडर वर्ष में आठ (8) दिवस अवकाश के पात्र होंगे । परामर्शदाताओं को ग्राह्य अवकाश से अधिक अनुपस्थिति की अवधि के लिए पारिश्रमिक नहीं दिया जाएगा । इसके अतिरिक्त, अनुपभुक्त अवकाश न तो अगले वर्ष अग्रेनीत होगा और न ही उसका भुगतान किया जाएगा।

(च) कार्य दिवस और कार्य के घंटे विभाग के अन्य सेवारत अधिकारियों और कर्मचारियों के समान होंगे।

(छ) परामर्शदाता को केवल मूलभूत कामकाजी सुविधाएं/आधारभूत संरचना प्रदान की जाएंगी। निवास स्थान आदि पर कोई यातायात या दूरभाष/इंटरनेट की सुविधा प्रदान नहीं की जाएगी।

(ज) कोई आवास या मकान किराया भत्ता उपलब्ध नहीं कराया जाएगा।

(झ) परामर्शदाता किसी संवैधानिक, विधिक या वित्तीय शक्ति का प्रयोग नहीं करेगा।

(ञ) परामर्शदाता, विभाग की लिखित सहमति के बिना इस नियुक्ति की अवधि के दौरान एकत्र किए गए किसी भी डाटा या आंकड़े या कार्यवाही या सूचना का उपयोग, प्रकाशन या खुलासा या किसी अन्य पक्ष को नहीं करेगा।

(ट) किसी भी पक्ष द्वारा एक माह की अग्रिम लिखित सूचना द्वारा अनुबंध को समाप्त किया जा सकता है।

(ठ) **आवेदन जमा करने की अंतिम तिथि :** इच्छुक सेवानिवृत्त अधिकारी, जो इस विभाग में परामर्शदाता (राजभाषा एकक) के रूप में सेवा देने के इच्छुक है वे अधोहस्ताक्षरी को इस परिपत्र के परिचालन से 30 दिनों के भीतर संलग्न प्रारूप में अपना आवेदन पत्र जमा कर दें।

इसका व्यापक प्रचार किया जाएगा ।

रघुनाथन

(रघुनाथन टि. वी.)
अवर सचिव, भारत सरकार

प्रेषित

1. भारत सरकार के सभी मंत्रालय/विभाग : अनुरोध है कि वे अपने सभी योग्य सेवानिवृत्त हो रहे/सेवानिवृत्त हो चुके कर्मचारियों के बीच इस नोटिस का व्यापक प्रचार करें।
2. विधि सचिव के प्रधान निजी सचिव/संयुक्त सचिव (सम.) के प्रधान निजी सचिव।

विधि कार्य विभाग में संविदा के आधार पर परामर्शदाता (राजभाषा) के पद के लिए आवेदन का प्रपत्र

कृपया अपना हाल का पासपोर्ट साइज फोटो चिपकाएं

1.	पूरा नाम (स्पष्ट अक्षरों में)	
2.	पिता का नाम	
3.	जन्मतिथि (मान्य दस्तावेजी प्रमाण संलग्न किया जाए)	
4.	पत्र-व्यवहार का पता (टेलीफोन नं./फैक्स नं./ ईमेल आईडी सहित) (ईमेल आईडी अनिवार्य है)	
5.	स्थायी पता (टेलीफोन/फैक्स नंबर)	
6.	वर्तमान व्यवसाय, यदि कोई	
7.	ऊपर से नीचे के क्रम में तिथि क्रमानुसार शैक्षणिक अर्हताएं: (डिग्री/डिप्लोमा की सत्यापित प्रतियां संलग्न की जाएं)	

	विश्वविद्यालय का नाम/समकक्ष संस्थान	डिग्री	उत्तीर्ण करने का वर्ष	प्राप्त किए गए अंकों का प्रतिशत	शैक्षणिक विशिष्टता	विषय/विशेषज्ञता

8.	सेवानिवृत्ति से पहले पिछले 10 वर्षों के दौरान रोजगार का विवरण :					
	नियोक्ता का नाम और पता	पदनाम, वर्तमान में वेतनमान सहित	नियमित/ प्रतिनियुक्ति/तदर्थ आधार पर	सेवा की अवधि	कार्य की प्रकृति/अनुभव	
9.	पद पर कार्यभार ग्रहण के लिए अपेक्षित समय					

यह प्रमाणित किया जाता है कि ऊपर प्रदान की गई सूचना मेरे सर्वोत्तम ज्ञान एवं विश्वास के अनुसार सत्य व सही है।

(हस्ताक्षर)

नाम: ....

स्थान:

दिनांक: